आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 12.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा– भारत जैव प्रौद्योगिकी आधारित जैविक क्रांति के युग की ओर अग्रसर है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पेरिस पैरालंपिक से लौटे भारतीय दल से अपने आवास पर मुलाकात की।
- केंद्रीय संचार ब्यूरो ने ''राष्ट्रीय पोषण अभियान'' के तहत हरिद्वार और उधमसिंह नगर में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश में आज और कल के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया।
- बागेश्वर में राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

वैश्विक जैविक–भारत 2024

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत जैव प्रौद्योगिकी आधारित जैविक क्रांति के युग की ओर अग्रसर है। वे आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वैश्विक जैविक–भारत 2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह एक समय में पश्चिमी देशों पर सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति का प्रभाव था उसी तरह आज भारत को भी जैविक क्रांति से गुजरना पड रहा है। वैश्विक जैविक भारत–2024 के बारे में विचार व्यक्त करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, नये कामकाज शुरू करने वाली संस्थाओं, अनुसंधानकर्त्ताओं, जैविक समूहों, निवेश कर्त्ताओं, नीति निर्धारकों के लिए यह एक मंच का भूमिका निभायेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे नवचार, विचारों और भागीदारी को बढावा मिलेगा। वैश्विक जैविक भारत–2024 के अवसर पर 30 से अधिक देशों ने 500 से अधिक प्रदर्शनीयां लगाई हैं।

पेरिस पैरालंपिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पेरिस पैरालंपिक से लौटे भारतीय दल से अपने आवास पर मुलाकात की। इस बार भारतीय एथलीटों ने टोक्यो के रिकॉर्ड प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी और पैरालंपिक में देश के लिए अब तक के सर्वाधिक पदक जीतकर इतिहास रचा।
भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ कुल 29 पदकों के साथ पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया। इस दल ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक में कुल मेडल 19 में भारत द्वारा बनाए गए अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

चित्र प्रदर्शनी

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय ने ''राष्ट्रीय पोषण अभियान'' के तहत हरिद्वार के ज्वालापुर इंटर कॉलेज में पोषण विषय पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए।
ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, इसलिए जरूरी है कि वे स्वस्थ रहें।
कार्यक्रम के आयोजक नीरज कुमार भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के लिए पोषण से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

रेखा आर्या

खेल मंत्री रेखा आर्य ने आई.एस.आई मार्क को जनता के विश्वास का प्रतीक बताया है। देहरादून में भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्रीमती आर्य ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य देश की युवा पीढ़ी को जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक मानकों के महत्व के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो के पास विभिन्न वस्तुओं के प्रमाणन की जिम्मेदारी है। श्रीमती आर्य ने कहा कि बीआईएस को उन क्षेत्रों पर ध्यान देने की जरूरत है जो मानकों से बाहर रह गए हैं। उन्होंने मानकों और विभिन्न चिह्नों के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

सेतु आयोग

सेतु आयोग नीतियां बनाने के साथ ही उनके क्रियान्वयन और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर काम कर रहा है। इस आयोग का गठन राज्य योजना आयोग के स्थान पर किया गया है। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने आज नई टिहरी में सेतु आयोग की समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में विकास की अनेक संभावनाएं हैं, जिसके तहत कृषि के क्षेत्र में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उपाध्यक्ष ने कहा कि आलू और मटर उत्पादन के क्षेत्र में जिला अच्छा काम कर रहा है और इसका उत्पादन और बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों की बड़ी समस्या से निजात दिलाने के लिए बाड़बंदी नीति पर राज्य स्तर पर चर्चा की जा रही है। इसके साथ ही सेतु आयोग पर्वतीय जिलों से पलायन रोकने के लिए लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारने पर भी काम कर रहा है।

मौसम

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश में आज और कल के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार देहरादून, चमोली, पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि टिहरी, रूद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में भारी बारिश की संभावना है। 14 सितंबर को प्रदेश में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

राजधानी देहरादून समेत राज्य के अधिकांश जिलों में आज सुबह से मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब सहित राज्य के उंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई है। बदरीनाथ के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु बर्फबारी का लुफ्फ उठा रहे हैं। लगातार हो रही बारिश से चमोली जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग विभिन्न स्थानों पर आवाजाही के लिए अवरूद्ध है। साथ ही राज्य में सौ से अधिक ग्रामीण संपर्क मार्ग यातायात के लिए बाधित हैं जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। आकाशवाणी से बातचीत में आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गये हैं।

बागेश्वर में बारिश से एक आवासीय भवन को क्षति पहुंची है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने प्रभावित परिवार से फ़ोन पर बात कर उन्हें हर सम्भव मदद का भरोसा दिया है। जिलाधिकारी ने आपदा से निपटने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। बागेश्वर से हमारे संवाददाता ने बताया कि कल देर शाम से हो रही बारिश से जिले में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

वहीं, चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आई.आर.एस से जुड़े सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। साथ स्थानीय लोगों को विशेष सावधानी, सुरक्षा व आवगमन में नियंत्रण रखने की सलाह दी है।

## विज्ञान संगोष्ठी

बागेश्वर में आज जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी जिलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 26 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी में प्रतिभागियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की संभाव्यता और सरोकार विषय पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मुंबई में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि विज्ञान आज तेजी से प्रगति कर रहा है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता विज्ञान की महत्वपूर्ण देन है। संगोष्ठी में प्रतिभागी आयुषी नौटियाल ने कहा कि एआई पर आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।

## डेंगू

प्रदेश सरकार राज्य में डेंगू की रोकथाम को लेकर लगातार प्रयासरत है। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को डेंगू पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में माइक्रो प्लान के अनुसार प्रभावी कदम उठाकर डेंगू पर नियंत्रण बनाए रखने को कहा गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार के प्रयासों से इस साल डेंगू संक्रमण नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद सतर्कता बरतना जरूरी है। डॉ. रावत ने राज्य के कुछ स्थानों पर डेंगू संक्रमण के मामले सामने आने के बाद ये बात कही है।

## विशेष अभियान

चमोली जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षित यातायात और स्वच्छता बनाए रखने के लिए यात्री वाहनों की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिला प्रशासन ने नियमों का उल्लंघन करने पर 62 वाहनों का चालान किया। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सुरक्षित यातायात और यात्रा मार्ग पर फैली गंदगी को देखते हुए यात्री वाहनों की जांच के लिए चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।